भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

सं. आईसीएमआर/डेटासेंटर/स्टॉफ-संबंधी/नवम्बर2024 दिनांक: 28.07.2026

# रिक्ति-अधिसूचना

परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली अपने सूचना एवं डाटा केन्द्र के पदों को भरने के लिए निम्नलिखित योग्यता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को **युवा पेशेवर II (01 पद)** के पदों के लिए **वॉक-इन-इंटरव्यू** में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **पद का नाम** | **युवा पेशेवर II** |
| | रिक्त पदों की संख्या | एक (01) |
| | तैनाती का स्थान | परिषद-मुख्यालय, नई दिल्ली |
| | समेकित वेतन | रु. 42,000.00/प्रतिमाह |
| | आयु सीमा | 40 वर्ष |
| | **अनिर्वाय अर्हकता** | जैवसांख्यिकी/सांख्यिकी/जनसांख्यिकी/जनसंख्या अध्ययन/जन स्वास्थ्य/चिकित्सा समाजशास्त्र में कम से कम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री तथा संबंधित क्षेत्र में योग्यता उपरांत 1 वर्ष का अनुभव। |
| | **वांछनीय अर्हकता** | • पांडुलिपि और अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय वैज्ञानिक लेखन कौशल।<br>• व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण का पूर्व अनुभव<br>• R, STATA जैसे सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का उपयोग करके प्रोन्नत सांख्यिकी मॉडलिंग तकनीकों का अनुभव<br>• एनएफएचएस, एनएसएसओ, आईएचडीएस, जनगणना आदि जैसे व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण डेटा का विश्लेषण करने का पूर्व अनुभव।<br>• बहु डेटा स्रोतों के आधार पर डेटा फ़ाइल बनाने का पूर्व अनुभव<br>• वैज्ञानिक उद्धरण अनुक्रमित(एससीआई) पत्रिका में प्रथम या संवाददाता लेखक के रूप में कम से कम |

| | | |
|---|---|---|
| | | एक/दो प्रकाशन |
| | कर्तव्यों की प्रकृति | • व्यापक स्तर पर डेटा-प्रणाली को संभालना, डेटा की सटीकता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए डेटा की सफाई, सत्यापन और रूपांतरण करना<br>• परियोजना और नीति आवश्यकताओं के आधार पर वर्णनात्मक, अनुमानात्मक और पूर्वानुमानात्मक सांख्यिकीय विश्लेषण करना।<br>• कुशल और पुनरुत्पादनीय डेटा प्रबंधन के लिए डेटा प्रौद्योगिकी वर्कफ़्लो, सांख्यिकीय उपकरण और स्वचालित लिपि डिज़ाइन और कार्यान्वयन करना<br>• साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में सहायता के लिए डैशबोर्ड, डेटा दृश्यावलोकन (विज़ुअलाइज़ेशन), तकनीकी रिपोर्ट और संक्षिप्त नीति का विवरण तैयार करना।<br>• प्रकाशनों, मूल्यांकनों और रणनीतिक योजना के लिए सांख्यिकीय अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए अनुसंधान और नीति टीमों के साथ सहयोग करना।<br>• डेटा शब्दकोश और मेटाडेटा सहित डेटा प्रलेखन तैयार करना, और टीम के भीतर विश्लेषणात्मक क्षमता निर्माण में सहायता करना<br>• हितधारकों की बैठकों, समीक्षाओं और परामर्शों के लिए प्रस्तुतियों और सारांशों की तैयारी में योगदान देंना।<br>• सौंपा गया कोई अन्य कार्य। |

| | | |
|---|---|---|
| | **कार्यकाल** | छह माह (आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है) |

**नोट:**

- सभी शैक्षणिक योग्यताएं/प्रमाण-पत्र मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।
- न्यूनतम अनिवार्य योग्यता पूरी करने की तारीख के बाद प्राप्त समस्त अनुभव की गणना की जाएगी।
- अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र से होना चाहिए।

**आवेदन कैसे करें:**

- उपर्युक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार **2 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे तक परिषद, मुख्यालय नई दिल्ली** में आयोजित होने वाले **वॉक-इन इंटरव्यू** में उपस्थित हो सकते हैं।
- इच्छुक उम्मीदवारों को **2 सितंबर, 2026 को प्रातः 9:30 बजे तक परिषद मुख्यालय** में साक्षात्कार के लिए **पंजीकरण** करवाना होगा। योग्य उम्मीदवारों को **निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-क)** में अपना आवेदन-पत्र, **विस्तृत बायोडेटा/सीवी** और **स्वयं द्वारा सत्यापित** सभी आवश्यक सहायक दस्तावेज़ों और प्रमाणपत्रों, के साथ सभी पहलुओं को विधिवत रूप से भरकर जमा करवाना चाहिए। अभ्यर्थी को आवेदन-पत्र के ऊपर पद का नाम, और परियोजना का नाम लिखना चाहिए।
- यदि उम्मीदवारों की संख्या 30 से अधिक हो जाती है, तो साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध करने के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

**निबंधन और शर्तें:**

1. सफल उम्मीदवार परिषद द्वारा सभी मूल दस्तावेज़ों के सत्यापन के अधीन होगा और योग्यता, आयु, अनुभव आदि से संबंधित सभी अपेक्षित पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा।
2. उपर्युक्त पद के लिए कार्य स्थान **परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली है।**
3. सभी पदों पर प्रारंभ में नियुक्ति **छह माह** की अवधि के लिए होगी और कार्य-निष्पादन के आधार पर समय अवधि बढ़ाई जा सकती है। हालाँकि, असंतोषजनक कार्य-प्रदर्शन, दुर्व्यवहार आदि की स्थिति में अनुबंध को पहले भी समाप्त किया जा सकता है।
4. नियुक्ति के दौरान किसी भी समय एक माह की नोटिस अवधि के बाद किसी भी पक्ष द्वारा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
5. अपूर्ण आवेदन, निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किए गए आवेदन तथा मांगे गए सहायक दस्तावेजों के बिना आवेदन को सामान्यतः अस्वीकार कर दिया जाएगा।
6. अनुभव की गणना न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पूरी करने की तारीख से की जाएगी।
7. वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा की प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
8. आईसीएमआर आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
9. चूंकि ये पद पूर्णतः अस्थाई आधार पर हैं, अतः भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा आदि का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा।

10. आयु में छूट आईसीएमआर/डीओपीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।

11. आयु-सीमा और अनुभव आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख/वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख के अनुसार मानी जाएगी।

12. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

13. केवल अनिवार्य योग्यता/अनुभव पूरा करना चयन की गारंटी नहीं है।

14. सरकारी विभागों/संगठनों के अंतर्गत नियमित/स्थायी पदों पर पहले से कार्यरत उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

15. उपर्युक्त पद पूर्णतः अस्थाई/अनुबंध के आधार पर भरे जाने है तथा अभ्यर्थी को आईसीएमआर के अंतर्गत किसी भी प्रकार के स्थायी/नियमित रोजगार या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

16. आईसीएमआर को बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने और/या विज्ञापन वापस लेने का अधिकार है और इस मामले में किसी भी पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।

17. चयन और रोजगार के लिए किसी भी रूप में प्रचार करना तथा आंतरिक या बाहरी प्रभाव डालना अयोग्यता माना जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

18. साक्षात्कार की तारीख में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

19. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सभी मूल प्रमाण-पत्र (1) शैक्षणिक योग्यता (2) जन्म तिथि प्रमाण (3) अनुभव प्रमाण पत्र/प्रशंसा-पत्र, संक्षिप्त सीवी और प्रकाशनों की सूची (4) एक स्वयं सत्यापित हालिया पासपोर्ट आकार का फोटो (5) आईडी प्रमाण (आधार/पैन/वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) (6) सभी दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट साथ में लाना है। (7) एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, यथा लागू हो। (8) उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू/कार्मिक चर्चा/लिखित परीक्षा के समय सत्यापन के लिए सभी प्रमाण-पत्र/प्रशंसा-पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे।

20. जो अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करते समय मूल प्रमाण-पत्र नहीं ला पाएँगे, उन्हें चयनित पद पर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्धारित तिथि/समय के बाद रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत चर्चा/साक्षात्कार में भी शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

21. उपर्युक्त रिक्तियों के संबंध में कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र वेबसाइट **https://main.icmr.nic.in** पर जारी किया जाएगा और प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

दिनेश सोनी 28/1/26

श्री दिनेश सोनी

(वरि. प्रशासन अधिकारी)

आरसीएन एवं एनसीडी प्रभाग

परिषद मुख्यालय